संख्या-586/2017/424/22-2-2017-17(255)/2017

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 20 जुलाई, 2017***

विषय:- जिला कारागार, रायबरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी मो0 शमीन उर्फ शमीम पुत्र श्री हियात उर्फ हयात निवासी जनपद-रायबरेली वर्तमान जनपद-अमेठी की दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-42941/प्रोबे0-5-द0या0 बैठक-28.10.2016 दिनांक 02.12.2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार जिला कारागार, रायबरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी मो0 शमीन उर्फ शमीम पुत्र श्री हियात उर्फ हयात, निवासी-ग्राम-ढोढनपुर, थाना-मोहनगंज, जनपद-रायबरेली वर्तमान जनपद-अमेठी का रहने वाला है। बन्दी द्वारा शादी समारोह में खाना परोशने को लेकर दिनांक 19.06.1996 को 11 अन्य सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बन्दूकों एवं लाठियों से मारकर 06 व्यक्तियों की हत्या तथा 06 व्यक्तियों को घायल कर अपराध कारित किया गया है। उक्त अपराध के लिए बन्दी की सत्र परीक्षण संख्या-550/1996 एवं 72/1997 में भा0द0वि0 की धारा-302/149, 307/149, 147 के अन्तर्गत मा0 विशेष न्यायाधीश/अपर न्यायाधीश (कोर्ट सं0-4), रायबरेली के आदेश दिनांक 03.06.2012 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 15.09.2016 तक 08 वर्ष 03 माह 03 दिन की अपरिहार सजा तथा 10 वर्ष 00 माह 13 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। पुलिस अधीक्षक, जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। दयायाचिका समिति द्वारा कारित अपराध की प्रकृति, काटी गयी सजा, जिला मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधीक्षक की आख्या के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी मो0 शमीन उर्फ शमीम (बन्दी संख्या-108/2012) पुत्र श्री हियात उर्फ हयात निवासी जनपद-रायबरेली वर्तमान जनपद-अमेठी की संविधान के अनुच्छेद-161 के अन्तर्गत दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा **अस्वीकार** कर दी गयी है। कृपया उपरोक्त से बन्दी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

संख्या-586/2017/424/(1)/22-2-2017 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, अमेठी।
2- अधीक्षक, जिला कारागार, रायबरेली।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in